भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2254
उत्तर देने की तारीख-09/12/2024

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी

2254. **श्री दरोगा प्रसाद सरोज:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में सभी डीन, महिला महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों और अन्य सभी अधिकारियों सहित कुलाधिपति, कुलपति, अध्यक्ष, आईआईटी के शासी मण्डल, रेक्टर, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, छात्रों के डीन, चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य कुलानुशासक, चेयर प्रोफेसर और अम्बेडकर चेयर के रूप में कुल कितने व्यक्ति नियुक्त किए गए हैं;
(ख) इनमें से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है और संख्या कितनी है;
(ग) कितने अधिकारी सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों संबंधित हैं; और
(घ) संविदा, आउटसोर्स आधार पर और सलाहकार, परामर्शदाता के रूप में अन्य कितने अधिकारी नियुक्त किए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में बीएचयू में 173 समूह क अधिकारी नियमित आधार पर कार्यरत हैं। इनमें से 27 अनुसूचित जाति, 4 अनुसूचित जनजाति, 28 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 5 अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित हैं। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में 16 डीन कार्यरत हैं, जिन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय अधिनियम 1915 की संविधि 9(1) के उपबंध के अंतर्गत वरीयता के अनुसार रोटेशन के आधार पर संकायों में से नियुक्त किया जाता है। डीन की नियुक्ति में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अतिरिक्त, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी बीएचयू का हिस्सा नहीं है। इसे एक अलग अधिनियम अर्थात्, प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम 2012 द्वारा स्थापित किया गया है।
(घ): वर्तमान में बीएचयू में कुल 56 अधिकारी संविदा, आउटसोर्स आधार पर तथा सलाहकार/परामर्शदाता के रूप में कार्यरत हैं।

*****